# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 जनवरी, 2024

अंक : 492


## नव वर्ष के प्रथम दिवस पर "रूबरू" कार्यक्रम के माध्यम से सीएमडी श्री मनोज कुमार ने टीम वेकोलि को किया संबोधित




नव वर्ष के प्रथम दिवस, दिनांक 01.01.2023 को सीएमडी श्री मनोज कुमार ने कार्यक्रम "रूबरु" के माध्यम से टीम वेकोलि को संबोधित किया। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में, श्री कुमार ने वेकोलि के सभी कर्मियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के शेष अवधि में उत्पादन, प्रेषण तथा ओबीआर के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अब तक की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए टीम वेकोलि के उत्साह एवं मेहनत की प्रशंसा की।

उन्होंने बताया कि कोयला उत्पादन, ओबी निष्कासन और डिस्पैच के 31 दिसम्बर, 2023 तक के आकड़े, स्थापना से अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष में पहले तीन तिमाही तक की अवधि के लिए, सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि हमने अब तक कुल 43.59 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो कि गत वर्ष से 13.66% अधिक है। वेकोलि ने इस वित्तीय वर्ष की तीन तिमाही में 49.85 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है, जो गत वर्ष की तुलना में 16.23% अधिक है। इसी प्रकार वेकोलि ने 286.91 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाकर कर अब तक के प्रोग्रेसिव लक्ष्य का 116.95% लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह गत वर्ष की तुलना में 34.11% अधिक है। उन्होंने आगे कंपनी की उपलब्धियों पर विस्तार से बात की और विश्वास जताया कि वेकोलि आपने निर्धारित लक्ष्य को अवश्य हासिल करेगा।

इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी प्रमुखता से उपस्थित रहे। दर्शक दीर्घा में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यूट्यूब लाइव के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।





## वेकोलि में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित





खान सुरक्षा महानिदेशालय, पश्चिमी एवं उत्तरी अंचल तथा वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के संयुक्त तत्वाधान में 11 जनवरी, 2024 को वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम, सी.डब्लू.एस. तडाली, ऊर्जाग्राम, चंद्रपुर में आयोजित समारोह में माननीय श्री प्रभात कुमार, महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, धनबाद, मुख्य अतिथि तथा श्री एस डी चिद्दरवार, उप-महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, उत्तरी अंचल, गाजियाबाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने की।

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री मनोज कुमार ने कहा कि खनन कार्य में सुरक्षा को एक जीवन शैली के तौर पर अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ किया हुआ कार्य ही सफल है एवं सभी के सामूहिक भागीदारी से ही शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में नई तकनीकी के इस्तेमाल, समुचित प्रशिक्षण, जागरूकता, सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन, स्वस्थ जीवन शैली आदि पर जोर दिया। उन्होंने सभी से सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करने का आह्वान किया।

खान सुरक्षा महानिदेशक श्री प्रभात कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा दैनिक कार्यों का अंग होना चाहिए। वेकोलि प्रबंधन, कर्मी गण तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय, सब के मिले-जुले प्रयासों से ही इस उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी। उन्होंने वेकोलि द्वारा बेहतर सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वेकोलि में अकूत क्षमता है। कम्पनी के हर अच्छे प्रयास में डी.जी.एम.एस का सहयोग हमेशा उपलब्ध है। अंत में उन्होंने वर्त्तमान वित्तीय वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को सुरक्षात्मक तरीके से हासिल करने के लिए वेकोलि को अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा ध्वजारोहण तथा सुरक्षा ज्योति के प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वेकोलि के शहीदों के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वागत उद्बोधन श्री डी. बी. रेवतकर, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संरक्षण) ने किया। समारोह में सुरक्षा का संदेश देतीं सभी क्षेत्रों की झांकियों ने सब की सराहना प्राप्त की। साथ ही वेकोलि के सभी क्षेत्रों ने सुरक्षा संबंधी विषयों पर अपने स्टॉल प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर टीम वेकोलि के कलाकारों ने प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम के दौरान गणमान्यों ने सुरक्षा स्मारिका का विमोचन किया।

पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कर्मियों, खदानों एवं क्षेत्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस वर्ष ओवरऑल ग्रुप -ए खुली खदान में एंकोना - I & II, मुंगोली और एमकेडी-I (संयुक्त) तथा एमकेडी-III और पौनी -II (संयुक्त) खदानें क्रमवार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। साथ ही ओवरऑल ग्रुप -ए भूमिगत खदान में छतरपुर-I, नेहरिया और तवा-II (संयुक्त) तथा सावनेर-I खदानें क्रमवार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। इस वर्ष का 'डी के देशमुख मेमोरियल अवॉर्ड' राजुर इनक्लाइन, वणी नार्थ क्षेत्र के ओवरमैन श्री मोहम्मद अल्लाउदीन को दिया गया। साथ थी नवाचार में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'भास्कर भट्टाचार्य मेमोरियल अवॉर्ड' वणी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री ए. सी सिंह, साथ में श्री प्रमोद कुमार, एस. डी मून और मोहम्मद शेख को संयुक्त रूप में दिया गया। सर्वोत्कृष्ट उत्खनन कार्यो के लिए दिए जाने वाला 'प्रकाश नंदन मेमोरियल अवॉर्ड' उमरेड ओ.सी.एम, उमरेड क्षेत्र को दिया गया। सर्वाधिक सुरक्षित क्षेत्र को दिया जाने वाला सर्वोच्च 'सान्याल मेमोरियल अवॉर्ड' वेकोलि के उमरेड क्षेत्र को प्रदान किया गया। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, खान सुरक्षा निदेशक, उत्तरी अंचल, एन आर - 1, नागपुर श्री नीरज कुमार, खान सुरक्षा निदेशक, पश्चिमी अंचल, एन आर - 2, नागपुर श्री के रविंदर, खान सुरक्षा निदेशक, पश्चिमी अंचल, नागपुर श्री मनोज कुमार गुप्ता, खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य, वेकोलि संचालन समिति एवं सुरक्षा मंडल के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल के साथ-साथ उपाध्यक्षगण तथा सदस्यों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्री एस. पी. सिंह, पूर्व सलाहकार (जनसम्पर्क), श्रीमती अनुपमा टेंभुर्णीकर, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) तथा श्री सी. जे. जोसफ, सदस्य, सी.आई.एल सुरक्षा बोर्ड, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री आभाष चंद्र सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, वणी क्षेत्र ने किया। अगले वर्ष के खान सुरक्षा पखवाड़ा – 2024 के आयोजन की जिम्मेदारी पाथाखेड़ा क्षेत्र को दी गई।

## वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार "इम्मा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार को प्रतिष्ठित "इम्मा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। होटल तुली इंटरनेशनल, नागपुर में दिनांक 13 जनवरी 2024 को "Green Mining Initiatives : Indian Mineral Industry Perspective" के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार के दौरान श्री कुमार को यह पुरस्कार दिया गया।

श्री मनोज कुमार 01.01.2021 से वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक है। इसके पूर्व, नवंबर 2018 से श्री कुमार वेकोलि में निदेशक (तकनीकी) रहे है। उनके नेतृत्व में वेकोलि ने कोयला उत्पादन, ओबी निष्कासन और प्रेषण में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। कोयला खनन के क्षेत्र में श्री कुमार के दीर्घ अनुभव एवं विशाल योगदान के आलोक में उन्हें इस पुरस्कार से नवाज़ा गया।

उल्लेखनीय है कि श्री कुमार ने वेकोलि में नई खनन तकनीकी के व्यापक इस्तेमाल, प्रेषण बढ़ाने के उद्देश्य से फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी के प्रकल्प, भूमिगत खदानों में कंटीन्यूअस माइनर, खुली खदानों में सरफेस माइनर का प्रयोग आदि को बढ़ावा दिया। उनके द्वारा प्रारंभ प्रोजेक्ट 'TARASH' एवं Mission SHEHAT जैसे उपक्रमों से, उन्होंने वेकोलि की संस्कृति में सकारात्मकता समाहित की, जिसका परिणाम कोयला उत्पादन, ओबी निष्कासन एवं प्रेषण की वृद्धि में स्पष्ट देखा जा सकता है।



## वेकोलि में माह जनवरी में 75 भू-आश्रितों को रोजगार



वेकोलि में नव वर्ष 2024 के पहले दिन भूमि अधिग्रहण के एवज में 75 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक सभागृह में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी उपस्थित रहे। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री कुमार तथा निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने संबोधन में सभी भू-आश्रितों को उनके उज्जवल भविष्य तथा नववर्ष की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के आरंभ में महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री पी. नरेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर संचालन समिति की ओर से श्री सी. जे. जोसेफ़ ने अपनी बात रखी। समारोह में वेकोलि संचालन समिति के सदस्य श्री शिवकुमार यादव, श्री एस. एच. बेग, श्री दीपक चौहान तथा श्री अजय पाल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक (औद्यो. सं.) श्री विवेक सिंह ने किया।







## वेकोलि के सितारें




वेकोलि के उमरेड क्षेत्र में पदस्थ श्री धर्मेंद्र शर्मा की सुपुत्री सुश्री सृष्टि शर्मा ने इटली के मिलान शहर में लिम्बो स्केटिंग का एक और रिकॉर्ड बनाकर पूरे कोयला परिवार को गौरवान्वित किया है। सुश्री सृष्टि की इस उपलब्धि पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने उनका सत्कार कर शुभकामनाएं दी। सुश्री सृष्टि ने लिम्बो स्केटिंग की नई चुनौती को स्वीकार करते हुए इटली में नया कीर्तिमान रचा है। उल्लेखनीय है कि सुश्री सृष्टि इसके पूर्व लिम्बो स्केटिंग में आठ बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।






वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।